KASHYAP SAMACHAR

कश्यप समाचार

KASHMIRI PANDIT SABHA

JAMMU

The following programmes are being organized during Navratra days at Kashmiri Pandit Sabha, Ambphalla. All members of the Kashmiri Pandit community are invited to participate in these programmes for the peace and prosperity during the New Year :—

APRIL 1, 1995
(Saturday) Navreh Samaroh, From 3 p.m. to 5 p.m. Discourses by intellectuals and scholars and Bhajans by renowned singers.

APRIL 3, 1995
(Monday) Zang Treyi (for ladies only). 3 p.m. to 5 p.m.

APRIL 7, 1995
(Friday) Mahayagya commences at 10 a.m.

APRIL 8, 1995
(Saturday) Poorna Ahooti at 12-00 noon followed by distribution of Prasad (Bhojan).

Ram Navami procession starts at 3 p.m. from K.P. Sabha and proceeds to Raghunath Mandir Via Shiv Mandir.

कश्यप समाचार

(कश्मीरी पंडित सभा, जम्मू की मुख्य पत्रिका)

वर्ष : 6 सं० : 2 फरवरी 1995

हिंदी भाग

कश्मीरी भाग

मूल्य : रु० 10/- वार्षिक : रु० 80/ अमरीकी $ 30/ (विदेश में) (रोहिणी प्रिंटर्स कोट किशन चंद, जालंधर)

From The President's Desk

(अध्यक्ष की ओर से)

My dear brothers and sisters,

Namaskar, Peace, Prosperity and long life.

The pathetic attitude of the administration towards problems of migrant students deserves condemnation. The migrants students have been time and again clamouring for delinking the examination from Kashmir division, for the simple reason that the conduct of the examinations and the announcement of the results thereof takes years. These examinations should be conducted on the pattern of summer and winter zone of J&K Board of Secondary Education. Their demands for carry on system which has been agreed upon by Commissioner-cum-Secretary, Higher Education Department who happened to be the Vice Chancellor of Kashmir University at the time of admission of students in migrant colleges should be honoured. The whole approach of the authorities towards the displaced students smacks of disinterestedness and discrimination. The authorities have driven the students to the wall. They are forcing the peace loving students to come on the roads for getting their demands conceded. The K.P. Sabha has sent a memorandum to H.E. the Governor of J&K (who happens to be the Chancellor of Kashmir University) for immediate action particulary delinking from Kashmir University. I sincerely hope that good sense shall prevail upon the administration and an awkward situation which may arise from continued neglect of these problems, be avoided. We do not want our students to come on the roads. Their time is very precious which they would like to spend no learning and studying alone.

TRILOKI NATH KHOSA

संपादकीय

हमारा/री पहचान पत्र/त्रिका ?

आजकल देश में पहचान पत्र एक बड़ा विवादपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। निर्वाचन आयोग (वस्तुत: निर्वाचन आयुक्त श्री शेषन) ने किसी भी राज्य या केन्द्रशासित क्षेत्र में चुनाव कराने की पहली शर्त यह रखी है कि राज्य मतदाताओं को पहचान पत्र दे दे। कई राज्यों ने बहुत हद तक यह शर्त पूरी की है और शेषन से खार खाए बैठे कई मंत्री-मुख्यमन्त्रियों ने बहाने बाज़ी करके इस शर्त की पूर्ति को टाला है। उधर शेषन देश की चुनाव-प्रक्रिया को शुद्ध करने पर तुले हुए हैं। वे खुलकर बता चुके हैं कि चुनावों से ही देश की भ्रष्ट व्यवस्था की शुरुआत होती है इसलिए सुधार भी यहीं से शुरू होने चाहिएं। पहचान पत्र मतदाता को इस व्यवस्था की भ्रष्टता से लड़ने के शस्त्र के रूप में भी इस्तेमाल हो, यह भी उनकी योजना का अंग है। इसी सिलसिले में उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर में चुनाव तभी होंगे जब कश्मीरी विस्थापित इसमें भाग ले सकें। राज्य के मतदाताओं को भी शीघ्र उनके पहचान-पत्र दिए जाने की आज्ञा जारी होने की संभावना है।

चुनाव के प्रसंग में व्यक्ति की पहचान का मापक होगा पहचान पत्र। पर चुनाव केवल एक राजनीतिक अनुष्ठान है, जबकि व्यक्ति राजनीति के अतिरिक्त मन, मस्तिष्क, संस्कृति, भाषा, इतिहास, देश आदि से भी पहचाना जाता है। कश्मीरी पंडित को जब उसका राजनीतिक पहचान-पत्र दिया जाएगा तो निस्संदेह इससे उसके राजनीतिक अधिकार को मान्यता मिलेगी। पर उसको उसका सांस्कृतिक पहचान-पत्र कौन देगा ? जवाब है कोई अन्य नहीं, बल्कि वह स्वयं। राजनीति सामूहिक अभिप्रेरित प्रयत्न से बनती है जबकि संस्कृति वस्तुत: व्यक्ति के निजी (अनन्य, जो अन्य नहीं) प्रयास से अपने ही अतीत, अपनी ही परंपरा, अपनी ही प्रवृत्तियों (एटीट्यूड्स) से हासिल की जाती है। यह प्रयास अभिप्रेरित नहीं हो सकता अर्थात् इसे 'मोटिवेट' होके पाया नहीं जा सकता, बल्कि इसे अपने ही रक्त और मज्जा में पहचान कर स्थापित किया जाता है। हां जब यह सांस्कृतिक पहचान खो जाने का डर हो, तो जरूर अभिप्रेरित होकर और सामूहिक प्रयासों से इसे बचाए रखना पड़ता है। क्या कश्मीरी पंडित जाति की सांस्कृतिक पहचान मिट जाने की स्थिति नहीं आ गई है ? जरा सोचें। क्या हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए नहीं रखनी चाहिए ? इसके लिए हम क्या करें ? यह पहचान-पत्र हम किस से कैसे लें ? क्या आपकी सोच के फैलाव में प्रस्तुत पत्रिका कहीं बैठती है ? आप समझते हैं कि 'कश्यप समाचार' हमारी पहचान पत्रिका हो सकती है ?

☐ सोमनाथ धर

कल्हण की "राजतरंगिणी" से शिक्षा

एक बात जिसे हम बार-बार दुहरा सकते हैं वह यह है कि सम्पूर्ण भारतीय इतिहास के दृष्टिकोण से कल्हण की राजतरंगिणी महत्त्वहीन नहीं है। भारतीस इतिहास का अधिकांश भाग राज्यों के इतिहास से बना हुआ है। चूंकि किसी दूसरे प्रांतीय इतिहास के अत्यल्प विवरण ही उपलब्ध हैं, अतः कल्हण का इतिहास, इन राज्यों में से एक का विशद् विवरण होने के कारण, शेष राज्यों के लिए एक नमूना बन जाता है।

कल्हण के अनुसार, इतिहास कुछ याद करने की चीज़ नही थी, अपितु लोगों के लिए जीवन को समझने की चीज थी, क्योंकि यह मानवीय सम्बन्धों के बहुविध,जटिल रूपों से सम्बद्ध है। वैदिक युग के आरम्भिक काल में राजा का चुनाव होता था। बाद में वह आनुवंशिक हो गया; राज्य का वर्तमान और भविष्य मुख्य रूप से सम्राट् के व्यक्तित्व पर निर्भर रहने लगा। प्रायः ऐसी कोई भी राजनीतिक जनसभा नहीं थी जो राज्य के आकार को गढ़ सके। स्वेच्छाचारी राजाओं के कामों को सामान्यजन धैर्य धारण करके देखते रहते थे। सामंती स्वार्थ के कारण विप्लव होते थे, ये ही जनविद्रोह थे। ललितादित्य और उस के समान शक्तिशाली सम्राटों के अधीन लोगों का जो जीवन था उसे मुश्किल से ही दासवृत्ति से अलग माना जा सकता है। जबकि धनवान् लोग मांस के पकवान और पुष्पसुरभित शीतल शराब का सेवन करते थे, सामान्य-जन बहुत भाग्यशाली थे यदि उन्हें प्रतिदिन दो बार चावल और सब्जी भी खाने को मिल जाती। कल्हण की राजतरंगिणी से ऐसी कई उल्लेखनीय शिक्षाएं मिल सकती हैं 'जिसमें प्राचीन-काल के अनन्त व्यापार सन्निहित हैं'।

राजनीतिक सूत्र और कूटनीतिक मर्यादाएं स्पष्ट करने के लिए ऐतिहासिक घटनाएं प्रस्तुत की गई हैं। वे अंश विशेष उल्लेखनीय हैं जिनमें कल्हण कश्मीर में व्यवहार्य राज्य के सिद्धांतों का संक्षेप में वर्णन करते हैं। इसे राजा 'ललितादित्य की कश्मीरी प्रशासन-संहिता' के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इन सिद्धांतों का मैकियावेलियन रंग भारतीय नीति शास्त्रों जैसा है। फिर भी कल्हण के सूत्र वाक्यों में एक विशिष्ट स्थानीय रंग है जो उन्हें एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से मूल्यवान् बना देता है।

सबसे पहला सूत्र ही विशिष्ट रूप से कश्मीरी है। चूंकि अपनी संकीर्ण भौगोलिक सीमाओं के कारण कश्मीर के कोई विदेशी शत्रु नहीं थे, आंतरिक विग्रह रोकने के लिये निश्चित कदम उठाने हेतु शासकों को सचेत किया गया है। घाटी को घेरने वाले पहाड़ों के निवासियों को 'अपराध न होने पर भी दंड देना चाहिए'। कल्हड़ खस और दूसरे पहाड़ी कबीलों के बारे में सोच रहे थे जो निर्बल प्रशासन के समय कश्मीरियों को लूटते थे। इसी प्रकार उन्होंने राजा को यह सलाह दी कि ग्रामीणों के पास एक वर्ष से अधिक का अन्न-भंडार न छोड़ा जाए ताकि डमार-प्रमुख जमींदारों की शक्ति कुंठित रहे। इन ज़मींदारों के बार-बार होने वाले विद्रोहों के कारण कल्हण के समय और उनके पहले भी गृहयुद्ध हुए। वे उनके प्रति निश्चित रुचि प्रकट करते हैं और उन्हें बार-बार दस्यु कहते हैं। कल्हण कई बार लोगों की

राजनीतिक असंगतियों का उल्लेख करते हैं जो - चाहे बड़े हों या छोटे--हर बदलने वाले शासन के साथ अपना रंग बदल देते थे। आलसी अप्रभावित शहरी भीड़ के विशद विवरण मिलते हैं जो राजवंशीय परिवर्तनों के प्रति बिल्कुल उदासीन रहती थी। अपने देशवासियों) के प्रति कल्हण की स-सार टिप्पणियां इस प्रकार हैं जो तीक्ष्ण, सूक्ष्मदर्शी और समीक्षात्मक प्रतिभा वाला व्यक्ति ही कर सकता है। राजतरंगिणी में जहां-तहां फैली हुई इन टिप्पणियों से काफी कुछ सीखा जा सकता है।

कल्हण ऐतिहासिक घटनाओं का इस प्रकार मूल्यांकन कर सके जिससे उनके द्वारा भावी पीढ़ियों को शिक्षाएं मिल सकें। जब ऊपरी किशन गंगा घाटी में जयसिंह ने अभियान किया, तब कल्हण यह टिप्पणी करते हैं कि शत्रु की ताकत को पूरी तरह जाने बिना योजना बनाने से असफलता अपरिहार्य है। जयसिंह के विद्रोही विरोधियों के द्वारा की गई नीति-सम्बन्धी भूलों की वे समीक्षा करते हैं और यह बतलाते हैं कि इन भूलों के कारण राजा को कितनी सीमा तक सफलता मिली।

कश्मीर के इतिहास में एक और उल्लेखनीय शिक्षा मिलती है, वह है दरबारी षड्यंत्रों और रानियों की परस्पर ईर्ष्या का सम्राट् तथा जन-साधारण पर पड़ने वाला दूषित प्रभाव। ऐसा लगता है मानो कि कल्हण दरबार का बुद्धि-मत्तापूर्ण निरीक्षण करते थे और जो कुछ देखते थे उसका विवरण लिख लेते थे, इस आशा में कि उनके निरीक्षणों से भावी पीढ़ियां लाभान्वित होंगी। आर० सी० मजूमदार[1] के शब्दों में, "कश्मीर के राजाओं और रानियों की अविश्वसनीय विलासिता, जिसके कारण राज्य पर अकथनीय विपत्तियां आईं, उस युग के तौर-तरीकों और आचार-विचारों पर एक अस्वा-भाविक प्रकाश डालती है एवं हमारे प्राचीन शासकों के हितैषी निरंकुश राज्य के प्रिय स्वप्न को एक बर्बर धक्का देती है।"

वही लेखक यह भी कहता है, "किसी भी राजा के कार्यों को विलक्षित करने वाली मातृभूमि के रूप में भारत की कल्पना शायद ही हो।" यह दृष्टिकोण बहुत कुछ विवादास्पद है। कश्मीर की पृथक्कृत भौगोलिक स्थिति ने कश्मीरियों के तौर-तरीकों और प्रशासन को एक घिरावट का रूप दे दिया था। यह सिद्ध करने के लिए कल्हण की राजतरंगिणी में काफी कुछ है कि कश्मीरियों ने देश के जीवन-प्रवाह में हिस्सा लिया था। उदाहरणार्थ, कल्हण का इतिहास शोधकर्ता को उस सती-प्रथा के विषय में गवेषणा करने में मदद करता है जो शेष भारत के समान लंबे समय तक कश्मीर में प्रचलित रही। यह प्रथा सीथो-तातार रिवाज से शुरू हुई। सीथो-तातार अधिनायक के अधीनस्थ स्त्री-पुरुष उस की मृत्यु के बाद आत्महत्या कर लेते थे। वीरता के युग में यह प्रथा कश्मीर में, और भारत के शेष भागों में, बनी रही और केवल राजपरिवार तक ही सीमित नहीं थी। "कश्मीर घाटी में सती-प्रथा इतनी बद्धमूल थी कि माताएं, बहनें और दूसरे नजदीकी रिश्तेदार तक अपने प्रिय वियुक्त के साथ अपने-आपको जला डालते थे", कल्हण के प्रमाण पर एस० सी० राय[2] कहते हैं।

सब मिलाकर भारतीय राज्यों को आलेखित करने वाला कालिमामय दूसरी तरफ खुशदिल रंगों से रंगा हुआ भी था; आदिम राजनीतिक घटनाओं के

1. एंशेंट इंडिया, पृ० 386
2. अर्ली हिस्ट्री एण्ड कल्चर ऑफ कश्मीर, 1969, पृ० 116।

बावजूद जन-साधारण और उनके सम्राट् भी—अच्छे, बुरे, तटस्थ—संगीत और नृत्य जैसी ललित कलाओं को विकसित करते रहे – कला और वास्तुशिल्प भी अपने सर्वोत्तम रूप में विकासमान थे। धर्म, दर्शन और विज्ञान की भी अनेक शाखाओं में उल्लेखनीय प्रगति दृष्टव्य थी। किन्तु कल्हण के निरीक्षण यह अभिव्यंजित करते प्रतीत होते हैं कि महान् लोगों की उपलब्धियां समाज की कुछ प्राणभूत आवश्यकताओं के उत्तर स्वरूप थीं, विभिन्न क्षेत्रों में मानवीय प्रयासों को उच्च सफलता मिली क्योंकि समय अनुकूल था।

वाक्पुष्टा, दिद्दा, सुगमला और सूर्यमती तथा कई छोटी-मोटी रानियों के जीवन-क्रम यह प्रदर्शित करते हैं कि सार्वजनिक जीवन में स्त्रियों को समान अवसर प्राप्त थे। कल्हण (और दूसरे इतिहासकारों) ने प्राचीन भारतीय स्त्रियों के पांडित्य और विद्वत्ता का प्रचुर शब्दों में संकेत दिया है। स्त्रियों का परदे में रहना या पृथक्करण अज्ञात था, क्योंकि स्त्रियां घरेलू पृष्ठभूमि से राजनीतिक मंच पर आ गई थीं। रणजित सीताराम पंडित-कृत राजतरंगिणी के अनुवाद की प्रस्तावना में जवाहर लाल नेहरू के अनुसार—'कल्हण के ग्रंथ में स्त्रियां एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती हुई प्रतीत होती हैं, न केवल परदे के पीछे बल्कि सभाओं और मैदानों में नेता व सैनिक के रूप में भी।' रानियों के अपने स्वयं के कोष थे और वे प्रशासन में सक्रिय भाग लेती थीं। किसी भी नागरिक या सैनिक पद पर कार्य करने के लिए लिंग या जाति (या जन्म) की कोई रुकावट नहीं थी। 'नर्तकियां' तक राजनीति में आक्रामक भाग लेती थीं। "कश्मीर एक ऐसी भूमि है जिसे विप्लव में आनंद आता है..." कल्हण लिखते हैं, "इस देश में देवदासियां भी राजा के विरुद्ध विद्रोह में आनंद लेती हैं।"

कर्कोट-उत्तर काल में जमीन के बढ़ते हुए महत्त्व पर जोर दिया गया है। किन्तु जमीन जोतने वालों की ठीक-ठीक जीवनदशा के विषय में राजतरंगिणी मौन है, इस विषय में हम केवल जमींदार डमारों द्वारा उगाहे गए लगान से ही कुछ अनुमान लगा सकते हैं। सैन्य जाति तंत्रियों और डमारों के प्रति—जो अशांति के समय स्वयं राजा बनाने वाले बन जाते थे—कल्हण अपनी अरुचि अठिनाई से छिपाते हैं।

अस्पृश्यता कश्मीर में अज्ञात थी— वह सम्भवत: बौद्ध-प्रभाव के समय प्राय: अस्तित्वहीन हो चुकी थी। राजा चक्र वर्मा ने एक 'अछूत' डोंब स्त्री से विवाह किया था। किन्तु डोंब सही में अछूत नहीं थे जैसा कि भारत के दूसरे भागों में जाना जाता है। कल्हण लिखते हैं कि डोंब अच्छे संगीतज्ञ थे। एक दूसरी उल्लिखित निम्न जाति चांडाल है—इनमें से कुछ शाही अंगरक्षक थे। राजतरंगिणी से यह भी प्रकट होता है कि शूरतम सेनापतियों में कुछ ब्राह्मण थे—बाद में मराठों के समय यह अवस्था फिर आई। यह बात ध्यान देने योग्य है कि, शेष भारत में सर्व-सामान्य, ब्राह्मण और निम्न जाति के मध्य की जातियां कश्मीर में अज्ञात थीं।

राजतरंगिणी कश्मीर के राजाओं के शासनों के विवरण के अलावा भी काफी कुछ है। कल्हण समकालीन सामाजिक और राजनीतिक जीवन का एक प्रामाणिक चित्र प्रस्तुत करते हैं। कश्मीर और समीपवर्ती क्षेत्रों के अतीत के विषय में राजतरंगिणी एक वृहद् सूचना कोष है। कल्हण के बाद के कश्मीरी इतिहास की चित्रित धारा को समझने में भी इससे सहायता मिलती है। कल्हण के काल और कश्मीर पर मुगल अधिकार (1588 ई०) के बीच का समय राजतरंगिणी के अन्तिम भाग में विद्यमान ऐतिहासिक

परिस्थितियों और प्रवृत्तियों की निरन्तरता सूचित करता है।

राजतरंगिणी के उपदेशात्मक और वर्णनात्मक पद्य कल्हण की काव्यशैली के एक विशिष्ट अंग हैं। अपने स्रोतों के अनिश्चयात्मक आभास के बावजूद, कल्हण अपने विषय में जो कुछ कहना चाहते हैं उसे वे विनम्र शब्दों में इन पद्यों में व्यक्त करते हैं :

यद्यपि दूसरे पुरालेखों द्वारा लिखे गए विषय पर मैं पुन: लिख रहा हूं, गुणी जनों को कारण सुने बिना दूसरी ओर मुंह नहीं मोड़ लेना चाहिए।

वहां कैसी प्रतिभा प्रदर्शित हो सकती है, जहां आधुनिक व्यक्ति अपने ग्रन्थों में उन विवरणों को संगृहीत करते हैं जो दिवंगत व्यक्तियों ने अपने समकालीन राजाओं के इतिहास के विषय में लिखे थे ! अतः--हर प्रकार से उपेक्षित विषय—अतीत के तथ्यों के इस वर्णन में मेरा प्रयास केवल संग्रह करने का ही रहा है।

उनके ग्रन्थ का नीतिपरक उपदेश है, "सम्पूर्ण सांसारिक समृद्धि क्षणस्थायी है, नीति से हटने का प्रतिफल मिलता ही है।" उनके ग्रंथ की आठ तरंगों में से चार का अन्त इसी प्रकार की उक्तियों से होता है। राजतरंगिणी की अन्तिम तरंग में उनका गहन विचार हे, "छाया का मार्ग अनियंत्रित होता है, जबकि धूप प्रकृतिवश शतधा, सूक्ष्मता से अनुसृत होती है। इस प्रकार दुःख सुख से अलग है किन्तु सुख की मर्यादा अनन्त दुःख की चोट और दर्दों से प्रतिबद्ध है।"

कल्हण भाग्यवादी नहीं हैं, वे टॉमस हार्डी के समान, 'परिस्थिति की विकटता' में विश्वास नहीं करते। बौद्धमत के अनुसार, वे कर्म में दृढ़ विश्वास रखते हैं और यह सम्पूर्ण राजतरंगिणी में अग्रगामी है। यह एक उल्लेखनीय विशेषता है क्योंकि उनके समय कश्मीर में शैवमत ने बौद्धमत की परिपूर्ति कर दी थी। कल्हण जानते थे कि हर चीज़ काल के साथ मुरझा जाती है और समयानुसार नष्ट हो जाती है, केवल कलाकार ही चंचल रूप को पकड़ सकता है और अमरता के सांचे में ढाल सकता है।

कल्हण चाहते हैं कि पाठक उनके साथ धीरज रखे। वे यह स्पष्ट कर देते हैं कि वे किसी समकालीन महाराजा के चापलूस नहीं है। उन्होंने जो कुछ भी संकलित किया या लिखा है उसकी तुलनात्मक वस्त्वात्मकता पर निर्भर रहा जा सकता है और इस लिए इतिहास की धारा से उन्होंने जो कुछ सीखा है उसका लाभ पाठक भी उठा सकता है।

पश्चात्यवर्ती संस्कृत पुरालेखों के स्वल्प ऐतिहासिक विवरणों के अधिक अच्छे स्पष्टीकरण हेतु हमें कल्हण की राजतरंगिणी की सामान्यत: ठीक-ठीक सूचना को धन्यवाद देना चाहिए। इस प्रकार महान् कवि-इतिहासकार कल्हण ने न केवल कश्मीर की प्राचीन संस्कृति और इतिहास को विस्तृत होने से बचाया, बल्कि इतिहास के विद्यार्थी को पुरालेखकों के विशृंखल विवरणों को संश्लेषित करने में भी सहायता प्रदान की। और, अन्तिमतः, कश्मीर के इतिहास का विद्यार्थी अतीत के साथ अधिक सन्तोषजनक रूप से बौद्धिक वार्तालाप कर सकता है— और उस काल से नैतिक तथा वास्तविक शिक्षाएं ले सकता है—जो कि भारत के किसी अन्य राज्य के विषय में अपेक्षाकृत कम सम्भव है।

('कल्हण' (साहित्य अकादेमी) से साभार)

●

□ मनोज शर्मा

विस्थापित

[एक]

बेटी !
नाज़ों से पली बढ़ी
राशन की कतार में खड़ी
पहुंच गई है कहीं दूर-—
बेघर होने के बावजूद
नहीं हुई हैं यादें बेघर
बेघर नहीं हुई त्यौहार मनाने की उमंग
नहीं छूटा
एक सांस में दौड़ कर
टीला चढ़ने की शर्त का रोमांच
बेघर नहीं हुई
सांसों में बसी
फूलों और घास की महक

सहेलियों संग जुड़ी हसीली फब्तियां भी
नहीं हुई है बेघर
नहीं हो पाया बेघर, उचक कर
भतीजे के लिए तोड़ा
दुपट्टे से किया साफ सेब का रंग,
बेघर नहीं हुई
उस शरारती टहनी की चुभन
जो दिन में कई-कई बार
बालों में उलझ-उलझ जाती थी
बिना कोशिश किए ही सोचती है बेटी
ऐसा बहुत-बहुत कुछ
बेघर नहीं हुआ □

[दो]

बतियाती है विस्थापित सहकर्मी
कुछ और ही होता था कश्मीर में
भारत और पाकिस्तान के
बीच का क्रिकेट मैच
बताती है चश्मा उतार वह
कि जीत के बावजूद
पहरा लाज़िमी रहता था पूरे चेहरे पर

बताती है विस्थापित लड़की
चिहुंकता सच
कल जीतने पर, पहली बार
गुपचुप रहने वाला पापा
गली में आ
गल्ला फाड़ चिल्लाए थे □

(नाबार्ड, शास्त्रीनगर, जम्मू)

●

□ मोतीलाल 'पुष्कर'

हिन्दू एकता के सूत्र

भारत देश की बिगड़ी स्थिति को सुधारने के लिए गत सौ वर्षों में विभिन्न प्रयोग किए गए। ये धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में किए गए। इनके संचालन में स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानंद, अरविंद घोष, महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, भीमराव अंबेदकर ने प्रमुख भूमिका निभाई। इन सभी महापुरुषों के अन्त:करणों में देशहित तथा समाजहित के लिए प्रबल ज्वाला भड़क रही थी, कुछ ऐसे प्रयास किए गए जिन से यह सनातन समाज अपनी चिरनिद्रा को त्यागकर अपने भाग्य को संवार सके। कवीन्द्र रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपने एक लेख में भारत की दु:स्थिति का वर्णन करते हुए लिखा था कि यह देश एक लाश के समान धरती पर पड़ा है, जिसे चीलें, गीध, कौवें आकार अपनी-अपनी भूख मिटाने के लिए नोचते जा रहे हैं। यह एक वास्तविक चित्रण था तत्कालीन भारत का।

इन महामानवों ने जिस भारतीय समाज के उत्थान के लिए अपनी शक्ति का आधार प्रदान किया उस महान् जनसमुदय का नाम निर्देश ही अनिश्चितता का शिकार था। कोई उसे सनातन धर्मी समाज, कोई आर्यसमाज, कोई ब्रह्मोसमाज, कोई बहुसंख्यक समाज आदि नामों से नामकरण करके इसके हितों को आगे बढ़ाना चाहता था। दूसरी तरफ अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने उनकी नज़र में 'पराजित', 'पददलित', 'पराक्रान्त', 'दीनहीन', 'अर्धसभ्य', 'दोषपूर्ण' इस जनसमूह के लिए गैर मुस्लिम शब्द का प्रयोग किया। यहाँ का मूलसमाज विस्मृति के गर्त में पड़ा हुआ अपनी सत्ता के प्रति भी सचेत नहीं था। वास्तव में विस्मृति को त्याग कर इसके लिए दिशा धर्म, नाम और मान का आभास कराने वाला प्रथम महापुरुष केवल स्वामी विवेकानंद ही था। इसी महान् आत्मा ने अपने इस भारतीय समाज को 'हिन्दू समाज' इस नाते प्रेम एवं स्वाभिमान युक्त चेतना से पुकारा। उन्होंने अन्यान्य महापुरुषों की तरह सुधारवादी चोला पहन कर इस सुप्त समाज को सीख देने का लक्ष्य सामने रखकर अपना कर्तृत्व नहीं निभाया अपितु समाज को देवता स्वीकार कर इसकी महानता के सामने नतमस्तक हो सेवा करने का संकल्प लिया। वे अमेरिका एवं यूरोप में जाकर गरजे कि मैं उस समाज का प्रतिनिधि हूं जो ऋषियों की संतान है, जो अवतारी महापुरुषों का अनुगामी समाज है, जो सनातन संस्कृति का समाज है, जो ज्ञान का प्रकाश लेकर जगद्गुरु के नाते अन्धकार को हटाकर सन्मार्ग का प्रदर्शक रहा है। उन्होंने स्वाभिमान एवं गौरव से कहा—मैं हिन्दू समाज का संपूर्ण स्वरूप हूँ। इस गर्जना ने एक चैतन्य को जन्म दिया। यही भावना आगे बढ़ी और आज सारे भारतीय समाज के प्रति चिन्तना जगी है। बिखराव हटाकर एकता की बात की जा रही है। उन तत्त्वों को प्रकट करने का प्रयास हो रहा है, जो इस समाज के मनीषियों ने गहन चिन्तन के पश्चात् मानव के सामने प्रस्तुत किए है। उनका चिन्तन् दैवी शक्ति से प्रेरित पावन अन्त:करणों की उपज थी। अच्छा होगा कि हम आज इस हिन्दू शब्द के आधार को भी ढूँढ़े। हिन्दू-हिन्दू की एकता का आधार स्थापित करें। स्वामी जी ने ही कहा है कि "गर्व से कहो मैं हिन्दू हूँ।"

हिंदु शब्द का सामान्य आधार—

हिंदु शब्द संक्षेप में सिन्धु शब्द से विगड़कर बना है। यह सरल एवं सीधी बात है कि हम कश्मीरी भाषा में 'शत' को 'हत' कहते हैं। फारसी भाषी संस्कृत के सप्ताह को हफ्ता कहते हैं। यह लिखने का अभिप्राय केवल इतना मात्र है कि संस्कृत का 'श' और 'स' कई एशियायों और यूरोपीय भाषाओं

में 'ह' में बदलता है । इसी प्रकार सिन्धु का 'स' भी 'ह' में बदलने से हिन्दू बन जाता है । प्रश्न यह उठता है कि क्या सिन्धु का अर्थ सिन्धु क्षेत्र और सिन्धु नदी तक ही सीमित है ? सिन्धु वास्तव में सागर को कहते हैं । भारत वर्ष पूर्व, पश्चिम तथा दक्षिण में सिन्धु से या सागर से घिरा है । इस लिए यह देश सिन्धुदेश और इस सिन्धुदेश की सारी प्रजा हिन्दु प्राण कहलाती है । विष्णु पुरान में लिखा है— भारतवर्ष वह महान् देश है जिसके उत्तर में प्रभु ने हिमालय पर्वत और दक्षिण में हिन्द महासागर को प्राकृतिक सीमा के रूप में स्थापित किया है । संस्कृत का प्रथम नाटककार भास लिखता है कि जिस मेरी मातृभूमि का विस्तार हिन्द महासागर तक है, जिसकी साकार देह लता के दो कर्णभूषण हिमाचल और विंध्याचल है जो एक साम्राज्य की स्वामिनी है उस पर सम्राट राजसिंह का शासन चिरस्थायी हो ।''

कवि कुलगुरु कालिदास ने अपनी ''कुमार संभव'' नामक रचना का प्रथम श्लोक इस प्रकार कहा है— यह हिमालय स्वयं भारतमाता की उत्तरी सीमा बनकर साथ-साथ अपने पश्चिम और पूर्व के छोरों से सिन्ध सागर और गंगासागर तक फैल कर यह सिद्ध करना चाहता है कि मैं भारतभूमि की सीमा का अंकन कर रहा हूँ । मैं इस देश का मापदंड हूँ ।'' ऐसे अनेकानेक प्रमाण हमारे सामने हैं जो इस दृश्य को उजागर करते है कि मानवीय समाज को सिन्धुदेशी प्रजा होने का गर्व रहा है । इसी गौरव की अभिव्यक्ति करने वाला शब्द हिन्दू है । कहने का सरल अभिप्राय है कि हिन्दू समाज एक विशेष भूखंड पर पला है । यहीं बढ़ा है । वह कुछ विशेषतायें लेकर आज तक चिरंजीव है । इसी भाव को ''वन्दे मातरम्'' ''सारे जहाँ से अच्छा'' और यह वेद वाक्य—''माता भूमि पुत्रोऽहं पृथिव्याः'' ध्वनित करते हैं । इसी समाज की सत्ता अक्षुण्ण रखने के लिए आज सजग भारतीय सचिन्त हैं । इसी परिप्रेक्ष्य में हिन्दू-एकता के सूत्रों को ढूँढ़ना होगा । उन सूत्रों में सर्वोच्च प्रथम सूत्र है :—

भारत भक्ति—

इस पुण्य भूमि मानवता के प्रति जो अगाध श्रद्धा हमारे पूर्वजों ने हृदयागार में धारण की थी और जिसको साकार रूप देने के लिए उन्होंने तीर्थाटन चारधामों की यात्रा, प्रकृति के विभिन्न रूपों में देवालयों के दर्शन किए थे, वही बात उन्हें हिन्दुत्व के प्रतिनिधिजन बनाती है । कश्मीर में हम प्रतिदिन प्रातःकाल मुखशोधन करने के क्षण यह मन्त्रोचार करते है :—

> गंगा प्रयाग गमनै नैमिष-पुष्करादि,
> तीर्थानि यानि भुवि सन्ति हरेः प्रसादात ।
> आयान्तु तानि कर पदम पुटे मदीये,
> प्रक्षालयन्तु वदनस्य निशाकलंकम ॥

अर्थात् गंगा जी, प्रयागराज, गंगा जी, नैमिष तीर्थ पुष्करराज आदि जितने भी तीर्थ इस भारत भूमि पर विद्यमान हैं, वे मेरे और करकमल में उपस्थित होकर निशा का कलंक धो डालें ।

स्वामी विवेकानन्द जी जब विदेश से घर लौटे तो इस धरती पर लोटकर पोट हो गए तो किसी ने पूछा कि स्वामी जी इसका अर्थ क्या ? तो उत्तर मिला कि विदेश प्रवास के दौरान मैंने अनुभव किया कि अपने इस देश की माटी ही महिमाशालिनी है जो मनुष्य को मनुष्यत्व प्रदान करती है । चीन की कैद से छूटकर भारत के सैनिकों ने इस देश की सीमा पर क़दम रखते ही देश की माटी को माथे पर लगाया । मदन मोहन मालवीय जी ने विदेश यात्रा करने के समय भारत की माटी के पावन कण साथ रखे और अपने को गौरवान्वित एवं पुण्यान्वित अनुभव किया । यही हिन्दुत्व है । जितनी अटूट श्रद्धा भारतीय व्यक्ति में भारत के प्रति घनीभूत हो जाती है उतना ही हिन्दुत्व का प्रबल ज्वार उसमें फूट पड़ता है । क्या उसको भी हिन्दू कहें जो भारत की हार पर जशन मनाता है ? चिरागां करता है । पटाखे दागता है । नहीं नहीं । हमारी जीत पर मातम बिछ जाता है इनके घर द्वार पर !

दूसरा भाग अगले अंक में

☐ सुरेंद्र चन्ना भारती

गुरु की पहचान

हमारे देश के महात्माओं, साधुओं, साधकों, ज्ञानियों, ध्यानियों और योगियों ने गुरु महिमा में बहुत कुछ कहा व लिखा है।

गुरु शब्द में 'गु' अन्धकार का द्योतक है और 'रु' तेज का द्योतक है। इस प्रकार गुरु शब्द अज्ञान रूपी अन्धकार को हरने वाला प्रकाशमय ब्रह्म है।

गुरु महिमा की धर्म शास्त्रों में भी अच्छी तरह से व्याख्या की गई है। श्री गुरु गीता में कहा गया है।

गुरुर्ब्रह्म गुरुर्विष्णु गुरूर्देवो महेश्वरः ।
गुरुदेव पर ब्रह्म तस्यै श्रीगुरवे नमः ॥

अर्थ—गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है एवं गुरु ही परब्रह्म है। अतः उन्हें प्रणाम है। शास्त्रों ने गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का रूप जाना है।

हेतवे जगतामैव संसाराणव सेतवे ।
प्रभवे सर्व विधानां शंभवे गुरवे नमः ॥

अर्थ—जो गुरुदेव जगत के हेतु हैं, संसार रूपी सागर को पार करने को सेतु के समान हैं, और सब विधाओं के जनक (पिता) है। उन शिव रूपी गुरुदेव को प्रणाम।

अ-त्रिनेत्रः सर्व साक्षी अ-चतुबहिुरच्युतः ।
अ-चतुर्वदनो ब्रह्मा श्रीगुरु काथित प्रिये ॥

अर्थ— भगवान शंकर माता पार्वती से कहते हैं कि हे प्रिये बिना तीन नेत्र के जो सर्व साक्षी शिव का स्वरूप है, बिना चार हाथों के जो भगवान् विष्णु है और बिना चार मुख के जो चार मुख वाले भगवान ब्रह्मा जी के समान है। ऐसे गुरुदेव को ब्रह्मा, विष्णु और शिव रूप कहा गया है। अतः तीनों उस आदि शक्ति का ही रूप हैं। उसी शक्ति के प्रभाव से सृजन, पालन और संहार आदि कार्य करने के समर्थ होते हैं। जिस प्रकार ब्रह्मा जी सृजन कार्य करते हैं, उसी प्रकार गुरुदेव भी साधकों का निर्माण करते हैं।

गुरु नानक देव जी ने भी अपनी बानी में, गुरु को प्रभु, ईश्वर का रूप जाना है। गुरु जी कहते हैं :—

सतिगुर विच आपु रखी ओनु करि परगटु आखि सुणाइआ।

अर्थ—गुरु और ईश्वर एक ही है। दोनों में सिर्फ इतना भेद है कि ईश्वर गुरु का ही वास्तविक स्वरूप है और गुरु मनुष्य के चोले में ईश्वर है। ईश्वर गुरु के अन्दर बैठकर ही बोलता है।

ईश्वर और गुरु महिमा में नानक देव जी आगे कहते हैं।

गुर की मूरति मन महि धिआनु । गुर कै सबदि मंत्रु मनु मानु ॥
गुर के चरन रिदै लै धारउ । गुर पारबहमु नमसकारउं ॥

नानक देव जी ने गुरु की महिमा व ईश्वर प्रेम का, जहां गुनगान किया है। वही हमें नकली गुरुओं से सावधान रहने को भी कहते हैं। नानक जी आगे कहते हैं।

गुरु पीरु सदाए मंगण जाइ। ताकै मूलि न लगीए पाइ ॥
धालि खाहू किछ हथहु देइ। नानक राहु पछाणाहि सेई ॥

अर्थ—अगर कोई गुरु और पीर बन कर अपने शिष्यों और सेवकों से मांगता फिरता है। तो ऐसे गुरु या पीर के चरणों में अपना शीश अथवा माथा नहीं झुकाइये। जो महात्मा या गुरु अपनी मेहनत की कमाई करके अपना जीवन बिताता है और साधकों की मुफ्त सेवा करता है, ऐसे महात्मा की खोज करनी चाहिये।

कबीर दास जी ने भी गुरु की महिमा का खूब गुनगान किया है। कबीर जी कहते हैं :—

कबीरा हरि के रूठते, गुर के सखे जाई।
कहै कबीरा गुरु रूठते, हरि नहीं होत सहाइ ॥

अर्थ—अगर ईश्वर हम से रूठ भी जाये, तो गुरु की शरण में जाकर ईश्वर को मना सकते हैं। लेकिन अगर गुरू रूठ जाये, तो ईश्वर भी हमारी मदद नहीं कर सकते।

पूर्ण गुरू और सच्चे शिष्य के बारे में कबीर जी आगे कहते हैं :---

सिष तो ऐसा चाहिये, गुरु को सरवस देय।
गुरु तो ऐसा चाहिये, शिष को कछू न लेय ॥

अर्थ—गुरु ऐसा होना चाहिये जो बिना दान-दक्षिणा के या लालच के शिष्य को अपना सब कुछ दे सके, शिष्य को प्रभु से एकाकार करा सके और शिष्य ऐसा होना चाहिये ऐसा गुरू प्रेमी होना चाहिये, जो अपना तन, मन, धन, बिना गुरु के मांगे गुरु के चरणों में अर्पण कर सके।

गुरु अमरदास जी ने भी मोह जाल में फंसे मनुष्यों को प्रभु की राह में ले जाने वाले गुरूओं की महिमा का इन शब्दों में गुनगान किया है।

गुर सबदि मिलहि से बिछुड़हि नाहीं सहवे सचि समावणिआ।

अर्थ—जब हम सतगुरु के जरिए शब्द रूपी प्रभु नाम का पकड़ लेते है, तब शब्द हमें छोड़ता नहीं है, अपने साथ लेकर परमात्मा में ही समा जाता है।

गुरु गिआन अंजुन सचु नेत्री पाइआ।
अंतरि चानणु अभिमानु अंधेरू गवाइआ ॥

अर्थ—जब सतगुरु के ज्ञान और अनुभव के अनुसार हम आंखों में शब्द रूपी सुरमा डालते हैं, तो अन्धेरा हमारे रास्ते से दूर हो जाता है। हमें अपने अन्दर प्रकाश दिखाई देता है।

महाराज चरण सिंह जी भी गुरु की महिमा करते हुए कहते हैं :—

गुरु बचन करो आधारा। गुरु दर्श निहारो सारा ॥

आगे कहते हैं :—

गुरु चरन बसे अब मन में। मैं सेऊँ दम-दम तन में।
फिर प्रीत लगी घट धुन में। चढ़ पहुंची पहिली सुन में ॥

पल्टू साहिब ने भी अपनी 'बानी' में योग्य गुरु की पहचान में कहा है। गुरु वह है जो हमारी आत्मा को अनहद शब्द के साथ जोड़ कर प्रभु परमेश्वर से मिलाता है। कहते हैं :—

धुन जानै जो गगन की, सो मेरा गुरुदेव।

पल्टू साहिब आगे फिर कहते हैं :—

संत सनेही नाम है, नाम सनेही संत।
नाम सनेही संत नाम को वही मिलावे।
वे है वाकिफकार मिलने की राह बतावै॥

साईं बुल्ले शाह ने भी अपनी वानी में गुरु का इस तरह गुनगान किया है :—

ना खुदा मसीते लभदा, ना खुदा खाना कावे।
ना खुदा कुरान कतावा, ना खुदा नमाज़े॥
ना खुदा मैं तीरथ डिठा ऐने पैंडे झाके।
बुल्ले शोह जद मुरशद मिल गिआ छूटे सभ तगाड़े॥

शास्त्रों में गुरु को परम कहा गया है। परम का अर्थ परे है। अर्थात् मोह-माया से परे। संसार की कामनाओं व वासनाओं से परे।

गुरु वह है, जो लालच आलस्य, मान-अपमान, अहंकार और धन-दौलत का याचक नहीं और न ही अमीर-गरीब ऊंच-नीच, जात-पात का भेदभाव करने वाला हो, धर्म शास्त्रों का ज्ञाता या ज्ञानी हो, जिसकी जीभ पर सरवस्ती का वास हो, विषय विकारों से परे हो, आत्म शक्ति सम्पन्न हो, जीवों का मान करने वाला हो, जीव तत्व को परमात्मा का अंश मानता हो।

भगवान शंकर माता पार्वती से योग दीक्षा के उपयुक्त सामर्थ्यवान गुरु के लक्षण इन शब्दों में कहते हैं :—

श्री गुरु परमेशनि शुद्धवेशो मनोहर:।
सर्वलक्षणसम्पन्न एर्वावयवशोभित:॥
सर्वागमार्थतत्वज्ञ: सर्वतन्त्र विद्यान्वित:।
लोकसम्मोहनाकारो देववत् प्रियदर्शन:॥
सुमुख: सुलभ: स्वच्छो भ्रमसंशयनाशक:।
इङ्गिताकारवित् प्राज्ञ: ऊहापोहविचक्षण:॥

अर्थ—जिस का वेश शुद्ध वस्त्रों से सुशोभित और मनोहर हो, जो शरीर से सुन्दर और सर्वगुणसम्पन्न हो, जो सब शास्त्रों के अर्थ जानता हो, शास्त्र कथित क्रिया कर्म की व्यवस्था विधान को जानता हो, जिस पर लोग मोहित हो जो पास में आने वाले सभी को प्रसन्न कर देता हो, देववत् प्रिय दर्शन हो, जो प्रसन्न रहने वाला हो, शास्त्र के अनुकूल और प्रतिकूल विचार में विचक्षण हो, जो तत्व को सहजता से समझा सकता हो,

जिसके कथन से कठिन से कठिन विषय या बात भी आसानी से समझ में आ जाये, जो भ्रम संशय दूर कर सके। ऐसा उत्तम पुरुष ही तत्व ज्ञान की दीक्षा का उपयुक्त गुरु है।

भगवान शंकर योग्य गुरु के बारे में आगे कहते हैं, कि जिस की दृष्टि बाहर रहते हुए भी, लक्ष्य अन्तर में होता हो। जो सर्वज्ञ और देश काल को जानने वाला त्रिकालदर्शी हो, सिद्धिया जिसकी आज्ञा में हैं, जिस को जो आज्ञा देता है, सो सिद्ध होती है, जो कृपा करने और दण्ड देने में समर्थ हो। अपना सामर्थ्य जब चाहे देकर वापस ले सकता हो. जो दूसरों को अपने आतम सामर्थ्य से शक्ति संचार और ज्ञान बोध कराता हो, जो शान्ति प्रिय हो और दूसरे प्राणियों पर दया करता हो, जिसने अपनी वासमाओं को जीत लिया हो, अथवा जो जितेन्द्रिय हो, जो अति गम्भीर हो, जो सद्गुणों से भूषित है, ऐसा उत्तम पुरुष ही योग दीक्षा के लिए योग्य गुरु है।

अगर ऐसा महापुरुष महात्मा कहीं भी किसी भगत को मिल जाए, तो आँखें बंद करके उनकी शरण में चला जाये। ऐसा उत्तम, पूर्ण गुरु ही आप को बुराइयों से छुटकारा दिलाकर पाप-मुक्त कर सकता है, दूषित मानसिकता को शुद्ध निर्मल करके भवसागर पार करा सकता है। ऐसे महान गुरु को शत-शत बार प्रणाम।

योग्य गुरु से दीक्षा लेने के बाद, हमें तन, मन, धन से समर्पण करके प्राप्त हुए मंत्र का प्रात: व शाम के समय जाप करके अपने जीवन को सार्थक बनाना है। अगर बुरी वृत्तियाँ भी है, तो उन्हें छोड़ने का संकल्प करना है। गुरु के आशीर्वाद और मंत्र जाप करने के बाद से ही हमारे विकार नष्ट होने लग जायेंगे। बुराईयां हम से खुद-ब-खुद दूर होती जायेंगी। सीधे शब्दों में हमारे बुरे संस्कार और वृत्तियाँ शनै:-शनै: समाप्त होती जायेगी। हमारे मन से हिंसा, आलस्य, झूठ, फरेब, अहंकार, वासना, मोह, जात-पात, और ऊंच-नीच का झूठा आवरण आहिस्ता, आहिस्ता क्षीण होता जायेगा। मन के निर्मल व शुद्ध होते ही, हमारी आत्मा का परमात्मा से मिलाप खुद-ब खुद शुरू हो जायेगा। इस काम के लिए हमें किसी मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, मठ, विद्यालय या किसी योग्य पंडित, मौलवी, पादरी, ज्ञानी के पास जाने की ज़रूरत नहीं। हमें किसी अनुष्ठान या यज्ञ की भी आवश्यकता नहीं। अगर किसी चीज की ज़रूरत है, तो वह है, एक योग्य गुरु व अपनी आतम शुद्धि की, मन को मैल रहित निर्मल शुद्ध बनाने की।

पूर्ण महात्मा, साधु या गुरु के लक्षण :—

योग्य गुरु के पास बैठने से, क्या आँखें बंद करने के बाद आप महसूस करते हैं कि :—

—आप का मन प्रसन्नचित्त हो उठा है या आप को आनन्द आ रहा है।

—आप आनन्द से झूम रहे हैं ।

—आप को अपने आसपास के वातावरण से किसी फूल की खुशबू या अगरबत्ती की महक आ रही है।

—आप के पेट से गुड़गुड़ाहट या चक्र की आवाज़ आ रही है।

—आप के दिल की धड़कनें तेज हो रही हैं या दिल उछलता जान पड़ रहा है।

—आप को कोई नाद (वाद्य यन्त्रों की आवाज़) सुनाई दे रही है।

—आप को किसी के स्पर्श का आभास हो रहा है।

ऊपर लिखी हुई बातों में से, क्या आप कोई सी भी बात महसूस करते हैं या कर रहे हैं, तो आप अपने आप को भाग्यवान जानिये। आप का योग्य गुरु से मिलाप हो गया है। आप ऐसे पूज्य गुरु से प्रार्थना करके शिष्य-पद पाने की कोशिश कर सकते हैं। अपने आप को धन्य कर सकते हैं।

अयोग्य गुरु के लक्षण :—

कामाक्षा तंत्र में अयोग्य गुरु के बारे में इस प्रकार कहा गया है :—जो क्षय रोगी है, चर्म-रोग, फोड़ा-फुंसी, दाद-खाज से पीड़ित है, जिस के नख विकृत हो गये हैं, जिस के नीले व काले दान्त हैं। कानों से सुनता नहीं है। जिस की आँखें कुसुम की तरह लाल हो, जिस की दृष्टि शक्ति विकृत हो गई है। जो अन्धा हो, जिस का सिर खल्वाट है। जो अंगहीन हो, अथवा जिस का कोई अंग अधिक हो, जिस की आँखें बिल्ली की तरह पिंगल हों, जिसकी नाक से दुर्गन्ध आती हो, बहुत छोटे कद का वामन अथवा कुबड़ा हो, जिस की वासना प्रबल है, अथवा विषय विकारों में फंसा हुआ है। ऐसे किसी भी शारीरिक दोष से युक्त अशुभ लक्षण वाला गुरु निन्दित होता है।

अयोग्य गुरु के बारे में आगे और कहा गया है कि शिखा-सूत्र से रहित और मूर्ख हो, जो वेद-शास्त्र के ज्ञान से वर्जित हो, वैदिक मार्ग पर चलता हो या न जानता हो, जो असभ्य भाषा बोलता हो, जो यजमानवृत्ति से जीवन निर्वाह करता हो या जो वैधकवृति वाला हो (आज कल बहुत से वेषधारी साधु लोगों को दवाई देकर अपनी और आकृष्ट करते हैं और बाद में ज्ञान के लिए गुरु भी बन जाते हैं), जो कामुक स्त्री के वश में रहता हो, जो बहुत सा खाने वाला हो, क्रूर प्रकृति वाला, मिथ्यावादी हो, जो गांजा, चर्स, भांग, सलफा, अफीम, दारु, ब्राउनशुगर, स्मैक, आदि मादक पदार्थों का व्यसनी हो, जो दूसरों का अहित करने वाला हो, पशु प्रकृति वाला डरपोक और रोगों से पीड़ित हो, जो कोई कर्म न करना चाहता हो, जो आलस्य में रहता हो, जो भोगी और दूसरों पर भरोसा करके जीवन व्यतीत करता हो, जिस का मस्तिष्क विकृत हो, जो लोगों को धर्म और भगवान के नाम पर न अच्छे भविष्य का प्रलोभन दिखाकर धन ऐंठता हो, जो शिष्यों का हित साधन करने में असमर्थ हो, जो भोग-ऐश्वर्य चाहने वाला हो, ऐसे गुरु का त्याग करना चाहिये या उसे गुरु नहीं बनाना चाहिये या उस के प्रति गुरु भावना नहीं रखनी चाहिये। ऐसे वृत्ति वाले व्यक्ति को गुरु बनाने से न तो इस जन्म में और न ही दूसरे जन्मों में भला हो सकता है।

कुलार्णव तंत्र में कहा गया है, कि अगर अज्ञान वश किसी ने अज्ञानी और संशयकारक गुरु कर लिया है, तो उस गुरु का त्याग करके दूसरे योग्य गुरु के पास जाने में शिष्य को हिचकिचाहट नहीं करनी चाहिये। ऐसा करने से शिष्य का अज्ञानी गुरु त्यागने से, गुरु-त्याग दोष नहीं लगता है। नया गुरु करने से पहले, उसे अच्छी तरह परखना चाहिये कि क्या वह गुरु बनने के काबिल है या नहीं। उसके पास बैठकर बातचीत द्वारा पता लगाया जा सकता है कि क्या वह शास्त्रों का ज्ञाता, निर्मल बुद्धि वाला, अहंकार रहित देखने में अलौकिक आकर्षण घमंड रहित, शान्त प्रिय, दया करने वाला, जितेन्द्रिय, अति गम्भीर, सिद्ध पुरुष और सद्गुणों से भूषित है। पास बैठने से आनन्द आ रहा है, सुगन्ध का आभास हो रहा है। अगर ऐसी बातें महसूस कर रहे हैं, तो ऐसे गुरु से दीक्षा ली जा सकती है।

अगर ऐसा दिव्य गुरु ना मिले फिर भी अच्छा गुरु देख परख-कर, कर सकते हैं। एक बात ध्यान में रखनी चाहिये कि जिस किसी गुरु से दीक्षा ले, गुरु मंत्र लेने के बाद एक साल के अन्दर अन्दर शक्ति-पात के

लक्षण का थोड़ा बहुत भी प्रत्यक्ष में अनुभव नहीं होता हो, तो ऐसा गुरु त्याग करके दूसरे अनुभवी गुरु से दीक्षा ग्रहण करनी चाहिये। दूसरे गुरु की शरण जाने पर भी पूर्व-गुरु, गुरु-भ्राता या गुरु-पुत्र आदि का अनादर न करें उनका सम्मान करते रहिये।

अगर आप को योग्य गुरु के मिलने के बाद शक्ति-पात के लक्षण अनुभव होते हैं, तो जानिये कि आप की महा-शक्ति कुडलिनी जागृत हो गई है। अहंकार न करें और ना ही अपने आप को बुद्धिमान समझिये शीतल, शान्त और विषय विकारों से रहित बनिये। आप अभ्यास द्वारा सिद्ध पुरुष बन सकते हैं।

(द्वारा कर्नल आर० के० लंगर
6/5 हाउसिंग बार्ड फलैटस
शास्त्री नगर
जम्मू तवी—180004)

हमारे सम्मानित कलाकार त्रिलोक कौल

यह हमारे लिए गर्व की बात है कि 1947 से हमारे कलाकारों ने तमाम हतोत्साहन के बावजूद कश्मीर में कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपने योगदान से नाम भी कमाया और कला को जीवित भी रखा। नाटक, संगीत, साहित्य लेखन, नृत्य आदि कलाओं की ही तरह कश्मीर में चित्रकला को जीवन देने, चित्रकारों को संगठित करने, कश्मीर में भारतीय तथा विश्वचित्रकारिता के नये आयाम प्रचारित करने में जिन चित्रकारों का योगदान उल्लेखनीय है उनमें से श्री त्रिलोक कौल का नाम सर्वोपरि है। पिछले दिन हुई उनसे एक बातचीत से इस बहुआयामी और महान कलाकार से उनके जीवन तथा कृतित्व के बारे में कई बातों का पता चला, जिन पर आधारित एक संपूर्ण लेख हम मार्च '95 के अंक में दे रहे हैं। यहां यह बताना प्रासंगिक होगा कि 1947 में करीबी संबंधियों के (पाकिस्तानियों द्वारा) ज़िंदा जलाए जाने के बावजूद श्री त्रिलोक कौल ने स्थितप्रज्ञ होकर न केवल अपनी कला को उच्चकोटि की अभिव्यक्ति का सफल साधन बनाया, बल्कि हमारे दूसरे सम्माननीय चित्रकार (स्व०) सोमनाथ भट्ट के सहयोग से कश्मीर में पहली बार चित्रकार—आंदोलन चलाया और प्रसिद्ध चित्रकारों बेंद्रे हुसेन, रज़ा, सूज़ा, आदि से सम्पर्क स्थापित कर के कश्मीर की चित्रकला को समकालीन स्तरीय कला के समकक्ष ला खड़ा किया। श्री त्रिलोक कौल रंगयोजना तथा आकार-नियोजन के क्षेत्र में अपनी किस्म के अकेले कश्मीरी कलाकार हैं, जिनको भारतीय चित्रकला के बड़ौदा—निकाय से जोड़ कर देशव्यापी प्रतिष्ठा दी जाती है। हमारी कामना है कि वे दीर्घायु हों!

मोहनी रैना

मां, हमें कब बुलाओगी ?

इन पहाड़ियों के नीचे फैली हुई दूब पर पांव रखते ही ऐसा लगता था मानो हरी हरी मखमल पर पांव रखे हैं, और इस पर मोतियों के समान ओस पांव चूमने को लालायित हों। वाह! क्या आनन्द आता था। चारों तरफ खुला आसमान, दूर दूर तक फैली हरी मखमली घास, नदी, नाले और सुन्दर प्याले के समान वह प्यारी वादी और इसके पहरेदार पहाड़ और पहाड़ियां। नीला आसमान विलक्षण बादलों की छटा लेकर। शायद ही ऐसे बादलों का रंग रूप कहीं और देखने को मिलता हो ? दूधिया गुच्छे के गुच्छे अंगूरों की तरह अमृत रस से भरा हुआ। अब टपका तब टपका। ऊंचे ऊंचे सफेदे के पेड़, सिर हिला हिला कर कह रहे हो, हम ही तो हैं इस चमन के रखवाले। हम अपनी तरफ किसी भी पराये पुरुष या स्त्री की आंख उठाकर नहीं देखने देंगे। फलों की शाखें झूम झूम कर नई नवेली दुल्हन की तरह सजी हुई धरती के पांव छू छू कर मानो कह रही हों, मां हम तुम्हारी सेवा करेंगे, तुम्हें हर प्रकार सुख देंगे, बस मां आपका आशीर्वाद चाहिए। नन्ही नन्ही कलियां क्यारियों में मुस्कराती अठखेलियां करती हुई कह रही हों। हम इस चमन को हमेशा ही इसी तरह आबाद और खुश रखेंगे। झरनों की कल कल, नदियां और नालों की उतंग लहरें बार बार यही एहसास दिलाती रही, जब तक हम हैं, हमारा चमन, बस हमारा है।

मन्दिरों की रुनझुन बजती घंटियां मस्जिदों की अज़ान प्रेमधारा बहाती रही और लोग उस प्रेम धारा में नहाते रहे। यह सिलसिला बस यूं ही चलता आ रहा था। एक दिन नहीं, दो दिन नहीं, सदियों से सदियों तक। हाय रे मेरे वतन, मैं तुझ पे कुरबान। तुमें तो सारे वायदे भूल गए, यह क्या किया तुम ने ? पहरेदार पहाड़ दानव बन गए। हरी दूबा और ओस शोलों में बदल गए। आसमान ने आंखें फेर लीं और सफेदे के ऊंचे ऊंचे पेड़ सुनसान और डरावने लगने लगे। मां, यह रूप परिवर्तन क्यों ? मीठे रस भरे फल कड़ुवे क्यों लगने लगे ? उस आशीर्वाद का क्या हुआ ? जो तुम ने अपने बच्चों को आंचल में खुछाते हुए दिया था। फलों फूलों और चमन को आबाद करो। मन्दिरों और मस्जिदों की प्रेमधारा को खून की धारा में किसने बदल दिया और उसमें मां तुम्हारे सारे बबचे डूबने लगे। नदी नालों का कलरव, गोलियों और बारूद के नीचे दब कर रह गया। सौंदर्य की देवी चण्डिका बन कर चमन उजाड़ने पर क्यों उतारू हुई। कहीं किसी शैतान की नज़र तो नहीं लगी ? हमें उस शैतान ने घर से बेघर क्यों किया ? हमने उस का क्या बिगाड़ा था। हाय! सदियों के भाईचारे पर पानी फेर दिया। क्यों मां! तुम्हें कभी हमारी याद नहीं आती है ? तुम हमें कभी उन क्यारियों में ढूंढने तो नहीं निकलती! हाँ, जिनको हजारों सालों से हमने आबाद किया था। कभी तुम यह तो नहीं सोचते हो। इस चमन में और भी रंग बिरंगे फूल और कलियां थीं, वे कहां गए ? किधर भटक रहे हैं ? कभी मन नहीं करता, ज़रा देख तो लूं उनका क्या हाल है ? कितने मुरझा गए, कितने झुलस गये कड़कती धूप में और कितने ही कुम्हला कर रह गये। बेबस दुखियों की पुकार बार बार यह कह रही है, माँ आंखें तरस गई हैं, तुझे देखने को। क्यों मां तुम हमें कभी वापिस नहीं बुलाओगी ? क्या तुम्हारे बच्चे तड़प-तड़प कर तेरी याद में समाप्त होंगे। क्या उनका सपना साकार नहीं होगा। बस अब यह ताण्डव समाप्त कर दो। अपना रूप सौंदर्य लौटा कर लाओ और चमन में अमन चाहिए। यह समझ में नहीं आता कि कब उस भाई चारे की प्रेमधारा फिर से हकीकत बनेगी। क्या हम इसी तरह राख के ढेर पर बैठकर तुम्हारे रूप सौंदर्य का सर्वनाश देखते रहेंगे। वह शांति, सुखचैन क्या कभी लौटेगा। यह नरसहार कब तक चलता रहेगा ? निर्णय नहीं कर पा रही हूं, सौंदर्य की देवी कहूं या......

□विमला रैना

'घबराहट'

हर रोज समाचार आते हैं।
रेडियो से, टी॰वी॰ से, अखबारों से।
दस मरे, बीस पकड़े गए, अनेक घायल हुए।
बार-बार मन घबरा जाता है इन खबरों से।।

इसने पकड़ा, उसने मारा, क्यों कर ऐसा होता है।
हाहाकार मची है, सभी सहमे से लगते हैं।
हर ओर डर छाया है, पूरब से, पश्चिम से, दक्षिण में ओर उत्तर से।
बार-बार मन घबरा जाता है इन खबरों से।

कुछ देख रहे खामोश तमाशा इन नज़ारों का।
और चाहते पृथ्वी पर हो सदा दृश्य ऐसे ही।
क्योंकि उनका व्यवसाय चल रहा है ऐसे ही ज़ोरों पर।
बार-बार मन घबरा जाता है इन खबरों से।।

क्या ऐसे दृश्य का समापन नहीं हो सकता है?
क्या राक्षस सदा संहार का आनंद लेते रहेंगे?
क्या सभी धर्म ग्रन्थ असफल हो गए समझाने में?
बार-बार मन घबरा जाता है इन खबरों से।।

आशा का कोई संदेश लिख लो ऐसा।
शोषकों का संहार सम्भव हो जिससे।
ऐसी खबरें कभी न हों सम्भव कि राक्षस पुनः जीवित हो गए हैं।
बार-बार मन घबरा जाता है इन खबरों से।।

आओ सब मिलकर एक जुट हो जाएं।
ताकि फिर से 'सतीसर 'कश्यप' का घर बन जाए।
हम सबके मन 'विमल' बनकर उस स्वर्ग को बचाए।
बार-बार क्या मन घबरा जाता है इन खबरों से।। ०००

□ लवली कुमारी रैना

यह कैसा तूफान हुआ !

गोली चली बारूद फटा ।
बहनों की इज्जत लुट गयी ।।
धरती का सीना लाल हुआ ।
यह कैसा तूफान हुआ ।।

मंदिरों की घण्टी रूठ गई ।
सन्तों की वाणी टूट गई ।।
भजनों की ध्वनि टूट गई ।
यह कैसा तूफान हुआ ।।

आतंक ने हमको आ घेरा ।
शांति ने ले ली तुरत विदा ।
मृतकों की बढ़ी बहुत संख्या ।
यह कैसा तूफान हुआ ।।

कुछ यहां रहे कुछ वहाँ रहे ।
कुछ यमराज को प्यारे हुए ।।
कुछ लोगों के शव बिखर गये ।
यह कैसा तूफान हुआ ।।

आंधी ने आकर घेर लिया ।
किरणों ने भी मुंह फेर लिया ।।
पानी भी रेत में समा गया ।
यह कैसा तूफान हुआ ।।

माता पुत्र से बिछड़ गई ।
पत्नी पति से ही दूर पड़ी ।।
शिशु को दूध की बूंद नहीं मिली ।
यह कैसा तूफान हुआ ।।

—नीना बंबरू

सब खो गया

क्या सोचा था क्या हो गया।
यहां आके सब कुछ खो गया॥

घर से निकले थे यही सोचकर।
यहां आके फरियाद करें सरकार से॥
सरकार खुद डर गई आंतकवाद से,
और हम सोचते ही रह गए
क्या सोचा था क्या हो गया।
यहां आके सब कुछ खो गया।

घर से निकले थे यही सोचकर।
यहां आके पढ़ेंगे बनेंगे इनसान॥
पर कश्मीर यूनिवर्सिटी बन गई हमारे लिए शमशान,
और हम सोचते ही रह गए,
क्या सोचा था, क्या हो गया।
यहां आके सब कुछ खो गया॥

घर से निकले थे यही सोचकर।
यहां आके ग्रैजुएशन करेंगे हम॥
पर फाइनल में ही ओवर-एज हो गए।
और हम सोचते ही रह गए॥
क्या सोचा था क्या हो गया।
यहां आके सब कुछ खो गया॥

विनती करती है नीना आप से।
नहीं डरो इनके कारनामों से॥
इनके कारनामों का क्या करूं बयान।
अब खत्म करती हूं यही पर अपनी दास्तान।

☐ सुनीता भान

नारी की पहचान

नारी तुम हो धन्य महान
तुम न खोना अपनी पहचान
नारी तुम हो धन्य महान
जिस घर में तेरा जन्म हुआ
वह घर तुम से ही स्वर्ग बना
ना खोना तुम अपनी पहचान
नारी तुम हो धन्य महान्
तुम तो ऐसा हीरा हो
तुम ललद्यद हो मीरा हो
तुम से भारत देश जगे
तुम हो पुरुषों से आगे
ना खोना अपनी पहचान
नारी तुम हो धन्य महान
गैरों को अपनाती हो
सेवा में निछावर होती हो
घर की चिन्ताएं मिटाती हो
सबका कल्याण ही चाहती हो
तुम तो हो बहुत महान
ना खोना अपनी पहचान
नारी तुम हो धन्य महान्
तुम ही किरण बेदी बनती
भारत को शक्तिमान बनाती
अनुराधा पोडवाल बनकर
सबको संगीत सुनाती हो
बनकर दौड़ में पी. टी. ऊषा
सब से प्रथम आती हो
तुम तो हो शक्तिवान
तुम ना खोना अपनी पहचान
कली की तरह तुम नाजुक हो
सागर की तरह तुम गहरी हो
फिर दहेज के बन्धन से
तुम इतना भला क्यों डरती हो
तुम में है ज्ञान का भंडार
तुम ना खोना अपनी पहचान
नारी तुम हो धन्य महान्
खुद को तुम मिटने ना देना
खुद को तुम गिरने ना देना
खुद को तुम बुलन्द करो
कि ईश्वर आकर तुम से पूछे
तेरी चाहत का करे सम्मान
यही है मेरा पैगाम
तुम ना खोना अपनी पहचान
नारी तुम हो धन्य महान्

(मौ० आ० सायं कालेज, जम्मू)

शाबाश ज्योति !

कशमीरी पंडित सभा अम्बफला, जम्मू तथा कश्यप समाचार" संपादक मण्डल की ओर से ज्योति रैना सुपुत्री डाक्टर बी० के० रैना (सर्वाल, जम्मू) को ए०आई०आई ए० (Associate Examination of Indian Institute of Architects) की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर बधाई। ज्योति रैना इस परीक्षा में पास होने वाली जम्मू कश्मीर प्रदेश की पहली छात्रा है। शाबाश ज्योति ! अपना, अपने परिवार तथा पंडित जाति का नाम ऊँचा करते रहो, हमारी शुभ कामनाएं तुम्हारे साथ हैं।

कश्यप समाचार (का'शुर बोग)

का'शुर परनुक लेखनुक त'रीकु'

का'शिरि आवाज़ु'

1. स्वर :

   अ'=च'र, म्य'च़। आ'=आ'र, नसां, चा'र। उ'=बु', च़ु', बतु' ऊ=ऊ'ठ्युम, तू'र, कू'त्य्।
   ए'=मे', चे', बे'ह। ओ'=ओ'ड, नो'ट। —य्=तीत्य्, म्या'न्य्, आ'द्य्। —व=त्वश, स्वच्छ, क्वस।

2. व्यंजन :

   क, ख, ग, च, च़, छ, छ़, ज, ज़, ट, ठ, त, थ, द, न, प, फ, ब, म, य, र, ल, व, श, स, ह, त्र।

3. हिंदीयिक्य् व्यंजन घ, झ, ढ, ध, भ, ण, ष, क्ष, ज्ञ करव अ'स्य् सिरिफ नावन (व्यखतीवाचक संग्यायन मंज़ इस्तिमाल) हिंदीयिक्य् अलावु' स्वर ऐ, औ ऋ ति यिथय पा'ठ्य्। मसलन, घनश्याम कृष्ण, ढाका, धनवती, नारायण, ज्ञानेश्वर।

संपादकी

सा'न्य् शुर्य़ हृयकन ना क'रिथ ?

